अर्थव्यवस्था के संकुचन की संभावना: एशियाई विकास बैंक

प्रीलिम्स के लिये

एशियाई विकास बैंक

मेन्स के लिये

एशियाई विकासशील देशों पर COVID-19 का प्रभाव, भारत सरकार द्वारा किये गए विभिन्न प्रयास

चर्चा में क्यों?

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (Asian Development Bank- ADB) द्वारा जारी एशियाई विकास आउटलुक (Asian Development Outlook) के अनुसार, मौजूदा वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में कुल 4 प्रतिशत का संकुचन आ सकता है।

प्रमुख बिंदु

- एशियाई विकास बैंक (ADB) के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था कोरोना वायरस (COVID-19) महामारी के कारण काफी बुरी तरह से प्रभावित हुई है, जिसका प्रभाव जल्द ही भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास पर देखने को मिल सकता है।
  COVID-19 के प्रभावस्वरूप दक्षिण एशिया की तमाम अर्थव्यवस्थाओं में समग्र रूप से मौजूदा वित्तीय वर्ष में 3 प्रतिशत का संकुचन हो सकता है।

कारण

- ध्यातव्य है कि सभी उच्च-आवृत्ति वाले संकेतक जैसे क्रय प्रबंधक सूचकांक (Purchasing Manager's Index- PMI) आदि अप्रैल माह में अपने सबसे निचले स्तर पर पहुँच गए हैं।
- बड़े-बड़े शहरों में अपनी नौकरी गँवाने के बाद सभी प्रवासी कामगार अपने गाँव लौट गए हैं, इतनी समस्याओं का सामना करने के बाद उन्हें उत्पादन के लिये वापस शहरों में लाना काफी चुनौतीपूर्ण है, ऐसे में वित्तीय वर्ष 2020-21 में भारत का उत्पादन काफी धीमा रहने वाला है।
- ADB का अनुमान है कि वर्ष 2020-21 में एशिया का विकास अपेक्षाकृत काफी धीमा रहेगा, क्योंकि कोरोना वायरस (COVID-19) महामारी को संबोधित करने के लिये अपनाए गए उपायों जैसे लॉकडाउन आदि के कारण आर्थिक गतिविधियों के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न होती है और मांग भी कमज़ोर होती है।

अन्य एशियाई क्षेत्रों की स्थिति

- अनुमान के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2020-21 में एशिया मुश्किल से 0.1 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ विकास करेगा, जो कि बीते 6 दशकों में सबसे कम विकास दर है।
  - इससे पूर्व वर्ष 1961 में इतनी कम वृद्धि दर्ज की गई थी।
- वित्तीय वर्ष 2020-21 में पूर्वी एशिया के लिये विकास दर का अनुमान 2.0 प्रतिशत से घटकर 1.3 प्रतिशत हो गया है।
  - एशियाई विकास आउटलुक के मुताबिक, मौजूदा वित्तीय वर्ष (2020-21) में चीन में 1.8 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2019-20 में चीन की आर्थिक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत थी, इस प्रकार स्पष्ट है कि कोरोना वायरस (COVID-19) के कारण चीन के आर्थिक विकास में काफी कमी आई है।
- दक्षिण पूर्व एशिया में उपभोग, निवेश और व्यापार में व्यापक गिरावट आई है। इस क्षेत्र में मौजूद सभी देशों की समग्र अर्थव्यवस्था में वित्तीय वर्ष 2020-21 में 2.7 प्रतिशत का संकुचन होने का अनुमान है।

एशियाई वकिास बैंक

(Asian Development Bank- ADB)

- एशियाई वकिास बैंक (ADB) एक क्षेत्रीय वकिास बैंक है। इसकी स्थापना 19 दसिंबर 1966 को हुई थी।
- ADB का मुख्यालय मनीला, फलिीपींस में है। 1966 में ADB की शुरुआत 31 सदस्यों के साथ हुई थी, कतिु वर्तमान में ADB में कुल 68 सदस्य हैं, जनिमें से 49 एशिया-प्रशांत क्षेत्र के हैं।
- इसका उद्देश्य एशिया में सामाजकि और आर्थकि वकिास को बढ़ावा देना है।
- ADB वकिासशील देशों की उन परियोजनाओं को समर्थन प्रदान करता है जो सार्वजनकि एवं नजिी क्षेत्र के सहयोग के माध्यम से आर्थकि वकिास की दशिा में कार्य करती हैं।
- एशियाई वकिास बैंक (ADB) द्वारा 'एशियाई वकिास आउटलुक' नाम से एक रपिोर्ट प्रस्तुत की जाती है, जसिमें एशिया के अधकिांश देशों का आर्थकि वश्लिेषण और संबंधति पूर्वानुमान प्रस्तुत कयिा जाता है।

आगे की राह

- एशिया महाद्वीप में मौजूद अर्थव्यवस्थाओं पर मौजूदा वत्तिीय वर्ष में COVID-19 महामारी का प्रकोप इसी प्रकार जारी रहेगा, बावजूद इसके कि समय के साथ लॉकडाउन को शथिलि कयिा जा रहा है और आर्थकि गतविधियिों को 'नए सामान्य' परदृिश्य में फरि से शुरू कयिा जा रहा है।
- ADB के अनुसार, आने वाले समय में कोरोना वायरस (COVID-19) महामारी और भी गंभीर रूप धारण कर सकती है, जसिका स्पष्ट प्रभाव वभिन्नि अर्थव्यवस्थाओं पर देखने को मलिेगा, जसिके कारण वत्तिीय संकट से इनकार नहीं कयिा जा सकता है।
- आवश्यक है कि वभिन्नि सरकारों को COVID-19 के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लयि नीतगित उपाय अपनाने चाहयि और यह सुनश्चिति करना चाहयि कि अर्थव्यवस्था पर कोरोना वायरस का प्रभाव कम-से-कम हो।

स्रोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-economy-to-contract-by-4-in-2020-21-forecasts-adb